**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 23 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम परमवीर चक्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में श्रीनगर एयरबेस की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था।

***पंजाब की लुधियाना जिले में जन्मे फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों को जून 1967 में भारतीय वायुसेना में नियुक्ति मिली। वे घाटी की हवाई रक्षा के लिए श्रीनगर स्थित नेट टुकड़ी में पायलट थे। भारत एक अंतरराष्ट्रीय समझौते से बंधा हुआ था कि वह श्रीनगर में अपना हवाई रक्षा विमान अड्डा नहीं बनाएगा, इसलिए पाकिस्तान के साथ शत्रुता शुरू होने पर, जल्दबाजी में श्रीनगर लाए गए पायलट न तोP इलाके से परिचित थे और न ही कश्मीर की कठोर सर्दियों से परिचित थे। फिर भी युद्ध के दौरान फ्लाइंग ऑफिसर्स सिक्खो और उनके सहयोगी ने पाकिस्तानी हवाई हमलों का बहादुरी और दृढ़ संकल्प के साथ मुकाबला किया। 14 दिसंबर 1971 को श्रीनगर एयर फील्ड पर 6 पाकिस्तान से सेवरजेट विमानों के एक समूह ने हमला किया। दुश्मन की विमान के ऊपर से उड़ान भरने की कोशिश करना जानलेवा खतरे को आमंत्रित करना था लेकिन, फ्लाइंग ऑफिसर सिक्खो ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, अपने नेट को उड़ाकर दो हमलावरों को उलझा दिया। आखिरकार उनके विमान पर आक्रमण में वे शहीद हो गए। उन्होंने अपना उद्देश्य हासिल कर लिया कि क्योंकि दुश्मन की विमान श्रीनगर शहर और हवाई क्षेत्र पर अपने इच्छित हमले को आगे बढ़ाए बिना भाग गए। फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिक्खो को सर्वोच्च वीरता, उड़ान कौशल और बलिदान के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

*************************************************************************

कैथल जिले के हलका पूंडरी में कल सेना के शौर्य और [पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई।विधायक सतपाल जांबा ने पूंडरी इंडोर स्टेडियम से तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया, जो देवी मंदिर पर जा कर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में जोश से भरे स्कूल विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों एवं आमजन ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। पूरा माहौल देशभक्ति मय हो गया।विधायक सतपाल जांबा ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब दिया है। हमारी सेनाओं ने दुश्मन के घर में घुसकर आतंकवाद व आतंकियों पर सीधा वार किया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने वीर सैनिकों पर गर्व है।

**********************************************************************

पलवल जिले में लिंगानुपात सुधारने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कल एक जागरूकता मोबाइल वैन रवाना की गई। मोबाइल वैन विभिन्न गावों

में जाकर लोगों को जागरूक करेगी।पलवल के उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि मोबाइल वैन कम लिंगानुपात वाले गांवों में जाकर सरपंच,पंच और ग्रामीणों को बेटा और बेटी में किसी भी प्रकार का भेद न करने के लिए प्रेरित करेगी।

2-बाइट - डॉ  हरीश कुमार वशिष्ठ -32 सेकंड

उन्होंने लोगों से लिंग जांच करवाने में संलिप्त लोगों का पता चलने पर उनकी सूचना देने की अपील भी की।

**************************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री  अनिल विज ने प्रदेश में 26 अलग-अलग जगह पर 12 नए श्रम अदालत बनाने का ऐलान किया है।  उन्होंने कहा है कि इसके लिए मंजूरी मिल गई है। श्रम मंत्री ने कहा कि मजदूरों को अपने केस श्रम अदालत में ले जाने में दिक्कत हो रही थी।  उन्होंने बताया कि 12 श्रम अदालत बनाने का  प्रस्ताव भेजा गया जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया है। जल्दी ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा क़ इससे प्रदेश में श्रम अदालतों की गिनती बढ़ कर 26 हो जाएगी।